# सीमा सुरक्षा बल

ब्लॉक नं. 10, सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स,
लोधी रोड,
नई दिल्ली–110003

दिनांक 11 मार्च'2019

## प्रेस विज्ञप्ति

## सीमा सुरक्षा बल द्वारा अश्रु गैस इकाई की 40वी वार्षिक गवर्निंग बॉडी मीटिंग का आयोजन

श्री रजनी कांत मिश्र, भारतीय पुलिस सेवा, महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल की अध्यक्षता में अश्रु गैस इकाई, सीमा सुरक्षा बल गृह मंत्रालय की 40वीं गवर्निंग बॉडी मीटिंग आज दिनांक 11 मार्च 2019 को सीमा सुरक्षा बल मुख्यालय, नई दिल्ली में आयोजित की गई ।

उक्त मीटिंग में प्रबंधक मंडल के रूप में पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, गृह मंत्रालय, दिल्ली पुलिस, राज्य पुलिस बलों, आयुद्ध निर्माण बोर्ड एवं वित्तीय मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। श्री राजेश निर्वाण, भारतीय पुलिस सेवा, महानिरीक्षक (रसद) सीमा सुरक्षा बल ने उपस्थित प्रतिनिधियों का स्वागत किया और श्री एडविन जॉन बैनट, महाप्रबंधक, अश्रु गैस इकाई, सीमा सुरक्षा बल ने अश्रु गैस इकाई की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला एवं भविष्य के लिए नई योजनाओं पर रिपोर्ट प्रस्तुत की।

अपने उद्घाटन भाषण में प्रबंधक मंडल को संबोधित करते हुये श्री रजनी कांत मिश्र, महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल ने बताया कि अश्रु गैस इकाई वर्ष 1976 में सी.सु.बल अकादमी टेकनुपर में स्थापित की गई थी एवं तभी से कानून व्यवस्था प्रबंधन के लिए दंगा–विरोधी अश्रु गैस म्युनिशनों का उत्पादन कर सभी पुलिस बलों को समय पर सुपुर्द कर सराहनीय कार्य कर रही है। अश्रु गैस इकाई के द्वारा स्वदेशी अघातक म्युनिशनों को उत्पादित कर देश को विदेशी म्युनिशनों पर आश्रित होने से मुक्त कर दिया है। महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल ने अघातक हथियारों एवं म्युनिशन के क्षेत्र में उत्तम गुणवत्ता, समय पर उत्पादन, स्थानीय पुलिस बलों की आवश्यकता के अनुरूप कानून व्यवस्था प्रबंधन हेतु नये उत्पाद बनाने के लिये अश्रु गैस इकाई की सराहना की।

अश्रु गैस इकाई अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अघातक म्युनिशनों का उत्पादन देश की राज्य पुलिस बलों और विशेष शस्त्र बलों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप समय पर उपलब्ध करवाती है। अश्रु गैस इकाई एक गुणवत्ता प्रबंधन (आई.एस.ओ. 9001:2018), वातावरण प्रबंधन (आई.एस.ओ. 14001:2015) एवं ऊर्जा प्रबंधन (आई. एस.ओ. 50001:2011) प्रमाणित इकाई है। इकाई में स्थित प्लास्टिक प्रयोगशाला भी आई.एस.ओ. 17025:2005 के अनुसार एन.ए.बी.एल. प्रमाणित प्रयोगशाला है। इसके अलावा अश्रु गैस इकाई आई.एस.ओ. 45001:2018 (व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंधन) में प्रमाणीकरण हेतु अग्रसर है।

अश्रु गैस इकाई उत्पादों में मुख्यतः अश्रु म्युनिशन, तेज रोशनी व धमाके वाले म्युनिशन, इम्पैक्ट म्युनिशन और विशेष सुरक्षा बलों के लिये अनुकूलित म्युनिशन शामिल हैं। अश्रु गैस इकाई द्वारा प्रशिक्षण हेतु 38 एमएम एवं 40एम.एम. ट्रेनिंग शैल का डिजायन तैयार किया गया है ताकि विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षुओं

को प्रशिक्षित किया जा सके। अश्रु गैस इकाई में एक अति उत्कृष्ट अनुसंधान एवं विकास शाखा है जो कि उत्पादन प्रकिया को स्वचालित करने और लैक्रीमैटरी म्युनिशन के नये संस्करण को पेटेंट करने हेतु अग्रसर है। पहले से ही अश्रु गैस इकाई ने अपने चार उत्पादों को पेंटेंट करने के लिए आवेदन किया है और कुछ अन्य उत्पादों को पेटेंट करने की प्रकिया जारी है।

वर्तमान में अश्रु गैस इकाई लैक्रामैटरी अघातक म्युनिशन को तैयार करने के लिए चार अलग–अलग रसायनों के संलयन पर काम कर रहा है। जो कानून व्यवस्था प्रबंधन में सुरक्षा बलों के लिए और अधिक क्षमतावान सिद्व होंगे।

प्रबंधक मंडल ने सीमा सुरक्षा बल के अश्रु गैस इकाई में कार्यरत कार्मिकों की अनुकरणीय भूमिका की सराहना की। अश्रु गैस इकाई के म्युनिशन का समय से और प्रभावी ढंग से इस्तेमाल करके जान–माल एवं करोड़ों रुपये की सार्वजनिक सम्पत्ति को बचाया जा सकता है। प्रबंधक मंडल ने बल देते हुये कहा कि ऐसे और स्वदेशी बायो–सेफ, अघातक म्युनिशन, को विकसित करने की आवश्यकता है जो कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के हों और बदलते हुये सुरक्षा परिवेश के अनुरूप हों।

**Like us on Facebook : OfficialPageBSF**
**Follow us on Twitter : BSF_India**
**on Instagram : bsf_india**
**on youtube : BSF India**

जन संपर्क अधिकारी
सीमा सुरक्षा बल

**Also visit us in http://www.bsf.nic.in/**

**Note: - BSF Press Releases can also be accessed on http://bsf.nic.in/en/press.html**




